प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 05.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रदेश में मानसून पूरे जोरों पर है और बारिश का दौर लगातार जारी है। कल राज्य के कई हिस्सों में तेज बारिश हुई, जिससे कुछ क्षेत्रों में जलभराव हो गया। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में सबसे अधिक 14 दशमलव 4 सेंटीमीटर पानी बूंदी के इन्द्रगढ में बरसा। आज भी कई स्थानों पर बरसात हो रही है। सवाईमाधोपुर में सुबह तेज बरसात हुई। इससे विभिन्न क्षेत्रों में पानी भर गया। झालावाड में सुबह से ही रिमझिम बरसात हो रही है। विभाग ने आज राजधानी जयपुर सहित राज्य के 30 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। साथ ही सवाईमाधोपुर, बूंदी और टोंक जिलो में भारी बारिश की चेतावनी दी है। अगले दो से तीन दिन तक कोटा और उदयपुर संभाग में मूसलाधार बारिश की संभावना जताई गई है।

0000

आज अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस है। सहकारिता के माध्यम से बेहतर कल के निर्माण के उद्देश्य से ये दिन हर साल जुलाई के पहले शनिवार को मनाया जाता है। इस बार सहकारिता दिवस का विषय है **सहकारिता एक बेहतर विश्व का निर्माण करती है**। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर गुजरात के आणंद में देश के पहले राष्ट्रीय स्तर के सहकारी विश्वविद्यालय – त्रिभुवन यूनिवर्सिटी का भूमि पूजन किया।

00000

प्रदेश में विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंडित दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत शिविर लगाकर लोगों को राहत दी जा रही है। इन शिविरों में विभिन्न मामलों का आपसी सहमति से मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज बालोतरा के पादरू में लगाये गये शिविर का अवलोकन किया। उनका आज ही जोधपुर की शेरगढ़ तहसील के सोइंतरा गांव में लगाये गये शिविर के दौरे का कार्यक्रम है।

0000

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिए चलाये जा रहे गिव अप अभियान में जयपुर जिला राज्य में पहले स्थान पर है। जयपुर में अब तक 1 लाख 92 हजार से अधिक अपात्र लोगों ने खाद्य सुरक्षा सूची से नाम वापस लिया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अभियान के क्रियान्वयन और इस प्रगति पर सभी जनप्रतिनिधियों, कार्मिकों और गिव अप करने वाले परिवारों का आभार व्यक्त किया है। जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि जिला मुख्यालय से ग्राम पंचायत स्तर तक ये अभियान चलाया जा रहा है। ये अभियान 31 अगस्त तक जारी रहेगा। इसके बाद नाम नहीं हटवाने वाले लोगों से 27 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से ब्याज के साथ वसूली की जायेगी।

0000

मोहर्रम पर कल प्रदेशभर में ताजिए निकाले जाएंगे। इस अवसर पर शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रशासन और पुलिस की ओर से विशेष इंतजाम किए गए है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर डॉ. रामेश्वर सिंह ने कहा कि मोहर्रम के मद्देनजर सभी जगहों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि लाइसेंसधारी ताजियों को ही अनुमति दी गई है। आज जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से ताजिये बडी चौपड तक लाये जायेंगे। इसे देखते हुए यातायात की व्यवस्था बदली गई है। इसके तहत आज रात नौ बजे से देर रात तक संजय सर्किल, अजमेरी गेट, न्यूगेट, सांगानेरी गेट, घाटगेट, गलता गेट और रामगढ मोड़ से सभी प्रकार के वाहनो का परकोटे में प्रवेश निषेध रखा गया है। पाली में भी आज शहादत की रात मनायी जायेगी और कल जुलूस निकाला जायेगा। इसको लेकर तैयारियां की जा रही है।

0000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने उदयपुर सीएमएचओ कार्यालय में सहायक प्रशासनिक अधिकारी आशीष डामोर को डेढ लाख रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र के नेतृत्व में ये कार्यवाही की गई। सहायक प्रशासनिक अधिकारी ने परिवादी के निजी अस्पताल के निरीक्षण में खामियां निकालकर उसके लाईसेंस को निरस्त नहीं करने की एवज में यह राशि मांगी थी।

0000

बर्मिंघम के एजबेस्टन में चल रही एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच में भारत आज चौथे दिन दूसरी पारी में एक विकेट पर 64 रन से आगे खेलेगा। पहली पारी के आधार पर भारत की कुल बढ़त 244 रन की हो गई है। मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर साढे 3 बजे शुरू होगा। तीसरे दिन का खेल खत्म होने पर के. एल. राहुल और करुण नायर क्रीज़ पर थे। इंग्लैंड, पांच मैचों की श्रृंखला में पहला मैच जीतकर 1–0 से आगे है।

00000